an>

Title: Issue regarding damage caused by heavy hailstorm in Bundelkhand region .

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : उपाध्यक्ष जी, बुंदेलखंड क्षेत्र में, विशेÂ◌ाकर मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट जनपद में तारीख 02.05.2015 को बड़े-बड़े 250 ग्राम तक के ओले गिरे। ओलों के साथ भयंकर आंधी तूफान भी आया। बड़े-बड़े ओलों से सैंकड़ों कच्चे घर पूरी तरह से नÂट हो गए हैं जगह-जगह पेड़ टूट कर गिर गए हैं। उससे भी मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। खपरैल के मकानों में तो छत नाम की चीज़ नहीं रह गयी है। सैंकड़ों लोग घायल हैं, क्योंकि वे खेतों और खलिहानों में काम कर रहे थे। सैंकड़ों जानवर घायल हैं। विद्युत व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी है। यह मार्च एवं अप्रैल से लगातार पांचवीं ओलावृÂि◌ट एवं तूफान है। किसान की बची-खुची फसल के साथ उनके घर भी नÂट हो गए हैं। चार दिन बीत जाने के बाद भी घायलों का ठीक से इलाज़ नहीं किया जा रहा है, और न ही विद्युत व्यवस्था ठीक की जा रही है। तारें सड़कों पर गिरी पड़ी हैं। अभी तक कोई अहैतुक सहायता तक उपलब्ध नहीं कराई गयी है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह प्रदेश सरकार से बात कर यथाशीघ्र सहायता उपलब्ध कराने व घायलों को समुचित इलाज़ उपलब्ध कराने व विद्युत व्यवस्था बहाल कराने की कृपा करें।